**Gorani Industries Ltd.**
CIN: L28121MP1995PLC009170
GSTIN: 23AAACG6274B1Z2
PAN: AAACG6274B

**Regd. Office:** Plot No. 32-33, Sector-F, Sanwer Road, Industrial Area , Indore-452 015 (M.P.) India
**Phone:** 0731-2723202
**Email:** gorani.industries@yahoo.com
**Website:** www.goraniindustries.com

07th March, 2024
Indore

To
The BSE Limited
The Corporate Relationship Department,
Pheeroj Jeejeebhoy Tower,
Dalal Street, Mumbai

**Ref: Regulation 30 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015**

Sub.:- Submission of publications of newspaper advertisement

Dear Sir/ Ma'am,

Pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Company has published newspaper advertisement with respect to the unaudited Financial Results for the period ended on 31st January, 2024 in the newspapers viz. - Free press, (English) and Choutha Sansar (Hindi) on 07th March, 2024.

Please find enclosed herewith copies of the aforesaid publications.

Please take the above on record.

Thanking You,

Yours faithfully,

For **Gorani Industries Limited**

NAKUL GORANI

Digitally signed by NAKUL GORANI
DN: c=IN, o=Personal, title=2613, pseudonym=E5CF2CF50C41EF8E638E6E0FE18FCB6D121F84EE, 2.5.4.20=06ce2e7ebfe1b218680df9bace6f3615be17f7bd998653932dde0cf8644a1be3, postalCode=452018, st=Madhya Pradesh, serialNumber=697629AC6F0D0971AD576A79DDD0C86EB7D03E8A6C4A15F612460AA8A145D043, cn=NAKUL GORANI
Date: 2024.03.07 13:40:46 +05'30'

Nakul Gorani
(Holding DIN: 06543317)
(Whole-time Director)

Encls: As above.

एक नजर

## भाजपा विधायक ने ने पूछी राहुल गांधी से उनकी जाति

### कहा—फिरोज खान का नाती किस जाति का है

**भोपाल,(निप्र)।** लोकसभा चुनाव 2024 से पहले एक बार फिर कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी की जाति को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। दरअसल, मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने राहुल गांधी की जाति से भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने राहुल गांधी से उनकी जाति पूछी है। भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की जातिगत जनगणना की मांग पर टिप्पणी की है। रामेश्वर शर्मा ने ये टिप्पणी शिवाजी नगर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के बाद की। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित भाजपा के सभी वरिष्ठ नेता मौजूद थे। रामेश्वर शर्मा ने कहा- राहुल गांधी को पहले तो यह बताना पड़ेगा कि उनकी खुद की जाति क्या है? वैसे तो हम लोग सनातन प्रवृत्ति के लोग हैं। हिंदू समाज में वर्ग-जाति का कोई उल्लेख नहीं होता है। राहुल गांधी अगर आपने जाति पूछना शुरू कर दी तो पहले आपको बताना पड़ेगा कि फिरोज खान का नाती किस जाति का है।

**कमलनाथ को भी दी सलाह-** कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा 10 से 12 सीटों की कांग्रेस की आने के दावे पर रामेश्वर शर्मा ने कहा- ह्लकमलनाथ जी जो 10 सीटों की बात कर रहे हैं, वह आगे का एक खत्म हो जाएगा। कांग्रेस जीरो पर आ जाएगी। वे परमात्मा से यही प्रार्थना करेंगे कि कमलनाथ जी इस उम्र में चुनाव हारने का झटका न खाएं।

## कांग्रेस प्रत्याशियों के नाम पर मंथन जारी

### 29 में से 12—13 सीट पर होंगे पहली सूची में नाम

**भोपाल,(निप्र)।** लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। जहां अब कांग्रेस में प्रत्याशी चयन को लगातार मंथन जारी है। संभावना जताई जा रही है कि जल्द कांग्रेस अपने प्रत्याशियों की पहली सूची का ऐलान कर सकती है। कांग्रेस की पहली सूची में संभवतः मध्य प्रदेश की भी कुछ सीटों पर प्रत्याशियों के नाम की घोषणा होने की संभावना जताई जा रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा संपन्न होते ही कांग्रेस अपनी पहली सूची जारी कर सकती है। जिसमें प्रमुख तौर पर कांग्रेस उन सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान करेगी। जिन सीटों पर साल 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा था। वहीं इन सीटों पर कांग्रेस पहले अपने प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर मजबूती के साथ प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतारेगी।कांग्रेस अपनी पहली सूची में प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर सकती है। उसमें भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, गुना, विदिशा, मुरैना, खंडवा, खरगोन, धार, रतलाम, जबलपुर, होशंगाबाद, सतना जैसी लोकसभा सीट शामिल हैं। कांग्रेस में प्रत्याशियों के नाम का ऐलान करने से पहले लगातार मंथन का दौरा जारी है। जहां लगातार बैठकें की जा रही हैं। इसी के साथ संभावना जताई जा रही है कि कांग्रेस अब अपने प्रत्याशियों का चयन करने के लिए आखिरी दौर में पहुंच चुकी है। जहां अब जल्द कांग्रेस अपने प्रत्याशियों के नाम का ऐलान करेगी।

लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस तैयारियों में जुटी है। जहां अब जल्द ही कांग्रेस देशभर के साथ-साथ मध्यप्रदेश के लिए प्रत्याशियों का एलान कर सकती है। वहीं इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का बड़ा बयान सामने आया है। जिसमें कमलनाथ ने मध्यप्रदेश की 29 में से 12 से 13 सीटें जीतने का दावा ठोंका है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर उज्जैन पहुंचे हैं। जहां इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ उज्जैन पहुंचे, यहां उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए मध्यप्रदेश की 29 में से 12 से 13 सीटों पर जीत दर्ज करने की बात कही है।

# मोदी और अटल लहर भी छिंदवाड़ा में रही थी बेअसर

-छिंदवाड़ा में इसलिए अजेय हैं कमलनाथ
-बीजेपी के मिशन 29 की राह में कांटा है छिंदवाड़ा सीट
-एक बार सुंदरलाल पटवा को मिली थी कमलनाथ पर जीत
-1980 से अजेय है छिंदवाड़ा में कमलनाथ और कांग्रेस

(वीरेन्द्र गुप्ता)

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनावों के बाद अब सभी राजनीतिक पार्टियों ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों तेज कर दी है। जल्द ही लोकसभा चुनाव कार्यक्रम का एलान भी किया जा सकता है। इससे पहले बीजेपी ने मप्र की 29 में से 24 सीट पर प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। पिछले 2019 के आमचुनाव की बात करें तो इनमें से बीजेपी ने 28 सीट जीतने में कामयाबी हासिल की थी। जबकि कांग्रेस को महज एक सीट से छिंदवाड़ा से ही संतोष करना पड़ा था। लोकसभा की 29 सीटों में से कांग्रेस के पास छिंदवाड़ा ही एक सीट ऐसी जहां उसे लगातार जीत हासिल होती रही है। क्या है छिंदवाड़ा का सियासी इतिहास और किसी कमलनाथ को चुनाव में कब कब चुनौती देने की कोशिश की आइये जानते हैं छिंदवाड़ा का सियासी रण और लोकसभा चुनाव का समीकरण।

मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा लोकसभा सीट सबसे खास मानी जाती है। छिंदवाड़ा लोकसभा क्षेत्र का उल्लेख होते ही सबसे पहले कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व सीएम कमल नाथ की तस्वीर सामने आ जाती है, क्योंकि छिंदवाड़ा कांग्रेस के साथ कमलनाथ का गढ़ है। दरअसल छिंदवाड़ा को कांग्रेस का गढ़ यूं ही नहीं माना जाता है। यहां लोकसभा के एक उप चुनाव को छोड़ दें तो पिछले 44 साल के सियासी इतिहास में इस सीट पर केवल कमल नाथ का ही बोलवाला रहा है। कमलनाथ लगातार छिंदवाड़ा से नौ बार लोकसभा चुनाव में जीत हासिल कर चुके हैं। पिछली बार 2019 के लोकसभा चुनाव के समय कमलनाथ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री थे, ऐसे में छिंदवाड़ा सीट से उनके बेटे नकुलनाथ ने लोकसभा चुनाव का मैदान संभाला। बीजेपी ने 2019 के चुनाव में नकुलनाथ के सामने आदिवासी नेता नत्थनशाह कवरेती को मैदान में उतारा था, लेकिन वे नकुलनाथ के सामने टिक नहीं सकें। कवरेती को 37536 मतों से हार का सामना करना पड़ा।

**2014 में 116537 वोट से जीते थे कमलनाथ-** 2014 के लोकसभा चुनाव में छिंदवाड़ा में कांग्रेस उम्मीदवार कमल नाथ इस सीट से जीते और सांसद बने। उन्हें कुल 5 लाख 59755 वोट मिले। जबकि भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार चौधरी चंद्रभान कुबेर सिंह 4 लाख 43218 मतों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वह 116537 मतों से हार गए।



**2009 में कमलनाथ से मारोत राव को मिली हार-** 2009 में छिंदवाड़ा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 1154249 मतदाता थे। वैध मतों की कुल संख्या 829294 थी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार कमल नाथ इस सीट से जीते और सांसद बने। उन्हें कुल 409736 वोट मिले। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार मारोत राव खवासे कुल 288516 मतों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वह 121220 मतों से हार गए।

**कमलनाथ के सामने 2004 में प्रहलाद पटेल भी हार चुके हैं-** 2004 में छिंदवाड़ा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल मतदाता थे। वैध मतों की कुल संख्या 754637 थी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार कमलनाथ इस सीट से जीते और सांसद बने। उन्हें कुल 30, 8563 वोट मिले। भाजपा के उम्मीदवार प्रह्लाद सिंह पटेल कुल 244855 मतों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वह 63708 मतों से हार गए।

**1999 में 188928 वोट से कमलनाथ ने दर्ज की जीत-** 1999 में छिंदवाड़ा में कांग्रेस उम्मीदवार कमल नाथ इस सीट से जीते और सांसद बने। उन्हें कुल 399904 वोट मिले। भाजपा उम्मीदवार संतोष जैन 210976 मतों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वे 188928 मतों से हार गए।

**उपचुनाव में सुंदरलाल पटवा से चुनाव हारे थे कमल नाथ-** साल 1996 के लोकसभा चुनाव से पहले कमल नाथ हवाला मामले में घिर गए। तब कमलनाथ ने छिंदवाड़ा से पत्नी अलका नाथ को चुनाव लड़वाया। वे जीत भी गईं थी। लेकिन कमल नाथ जैसे ही आरोपमुक्त हुए तो अलका नाथ से इस्तीफा दिलाया गया और 1997 में इस लोकसभा सीट पर उपचुनाव हुआ। जिसमें कमल नाथ को टक्कर देने के लिए भाजपा ने पूर्व मुख्यमंत्री सुंदरलाल पटवा को मैदान में उतारा था। संभवतः लोगों को इस तरह उपचुनाव कराना रास नहीं आया और कमलनाथ को बीजेपी के सुंदरलाल पटवा के हाथों हार का सामना करना पड़ा।

**1996 में पत्नी अलका नाथ बनीं छिंदवाड़ा सांसद-** 1996 में छिंदवाड़ा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 996034 मतदाता थे। वैध मतों की कुल संख्या 602779 थी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की उम्मीदवार अलका कमलनाथ ने इस सीट से जीत हासिल की और सांसद बनीं। उन्हें कुल 281414 वोट मिले। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार चौधरी चंद्रभान सिंह कुबरसिंह कुल 260032 मतों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वह 21382 मतों से हार गए।

**1991 कमलनाथ ने फिर चंद्रभान सिंह को किया परास्त-** 1991 में छिंदवाड़ा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कुल 84ए2325 मतदाता थे। वैध मतों की कुल संख्या 383118 थी। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के उम्मीदवार कमल नाथ इस सीट से जीते और सांसद बने। उन्हें कुल 214456 वोट मिले। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार चौधरी चंद्रभान कुल 134824 मतों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वह 79632 मतों से हार गए। 1989 में बीजेपी के माधव पर कमलनाथ ने जीत हासिल की। वहीं 1984 में कमलनाथ ने 153825 मतों से बीजेपी को परास्त किया। 1980 में जनता पार्टी को भी कमलनाथ के सामने हार ही मिली।

SUNDARAM FINANCE
Enduring values. New age thinking.

VEHICLE FOR SALE
EICHER 485
MODEL-2022
ENG NO 532127284539
CHASSIS NO-932211554259
VEHICLE REG NO- MP-69-ZA-2999
CONTACT
SUNDARAM FINANCE LTD: PLOT NO 13/2 1ST FLOOR, DHAR CHIKHALDHA ROAD, OPP G AYATRI SAROVAR KUKSHI DIST DHAR MP-454331
PH NO-07297244041, MOB-9425600152,9425016795

### भाजपा का प्लान स्पेशल 29

## हर सीट पर गूंजेगा अबकी बार 400 पार

### प्रचार-प्रसार के एलईडी रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना

**भोपाल,(निप्र)।** मध्य प्रदेश कार्यालय में सीएम मोहन यादव ने एमपी की 29 लोकसभा सीटों में प्रचार-प्रसार के लिए एलईडी रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीएम मोहन यादव और बीजेपी प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने 29 लोकसभा क्षेत्रों के लिए बनाए रथों को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना किया। रथों को प्रदेश कार्यालय से हरी झंडी दिखाई गई। यह एलईडी रथ लोकसभा क्षेत्रों में पार्टी की योजनाओं और विकास कार्यों का प्रचार-प्रसार करेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास और ह्लवसुधैव कुटुंबकमह्व जो हमारी पार्टी का उद्देश्य रहा है। उसी भावना के साथ पूरे प्रदेश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में जनता के साथ जुड़कर एलईडी रथों के माध्यम से सुझाव लिए जाएंगे। विकास और सुशासन की दृष्टि से भविष्य में हमारे संकल्प-पत्र के लिए सुझाव लेंगे। सीएम डॉ.मोहन यादव ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र में तीसरी बार फिर सरकार बने और भारत दुनिया का 1 नंबर देश बने, इसी भाव के साथ फिर एक बार मोदी सरकार और अब की बार 400 पार के नारे के साथ प्रत्येक लोकसभा क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार के लिए दो-दो एलईडी रथों को रवाना किया गया है। उन्होंने कहा कि निश्चित विजय हमारे सामने है, लेकिन हम जनता के साथ खड़े होना चाहते हैं। डॉ मोहन यादव ने कहा कि एलईडी रथों के माध्यम से लोकसभा क्षेत्रों में केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को बताया जाएगा। ह्लएमपी के मन में मोदी और मोदी के मन में एमपीह्व ने पिछले विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता ने प्रचंड बहुमत से हमारी सरकार बनाई। जनता के आशीर्वाद से लोकसभा चुनाव में सभी 29 सीटों को जीतकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करेंगे।

## अवैध कॉलोनी पर मंत्री सारंग नाराज

**भोपाल,(निप्र)।** राजधानी भोपाल में अवैध प्लाटिंग से तैयार हो रही अवैध कॉलोनियों बसाने का धंधा लगातार जारी है। नरेला विधानसभा में विधायक और मंत्री विश्वास सारंग ने अवैध कॉलोनियों को लेकर सख्त है। नरेला विधानसभा में अधिकारियों और बिल्डरों की सांठगांठ के चलते अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। इसकी जानकारी मिलने पर मंत्री विश्वास सारंग ने नाराजगी जताई। बुधवार को मंत्री विश्वास सारंग शिकायत के बाद अवैध कॉलोनियों का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने मौके से जिला प्रशासन के अधिकारियों को बुलाया। अवैध प्लाटिंग कर काटी जा रही अवैध कॉलोनी को लेकर मंत्रीने पटवारी औरआरआई को जमकर फटकार लगाई और कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, श्री ईदरिस, शब्बर हुसैन, निकिया, उम्मेसअली सभी पिता ईनायत अली, व श्रीमती बनोबाई बी बेवा ईनायत अली जाति बोहरा की मालकी की सम्पत्ति सर्वे क्रमांक 277/1/5, कुल रकबा 9.142 हे. में से रकबा 0.405 है, श्री ईदरिश पिता ईनायत अली व शब्बर हुसैन पिता ईनायत अली जाति बोहरा के हिस्से में आई होकर तथा उक्त संपत्ति पर श्री मुर्तजा ए पिता जमालुद्दीन व श्रीमती तसनिम पति मुर्तजा ए जमालुद्दीन जाति बोहरा के द्वारा क्रय की होकर उक्त संपत्ति का बटांकन सर्वे क्रमांक 277/1/9/1 रकबा 0.180 हे. में से एक आवासीय भूखंड रकबा 0.009 हे. जिसकी चर्तुसीमा रजिस्ट्री अनुसार निम्नानुसार है-उत्तर-रूपसिंह मौर्य को विक्रय भूमि। दक्षिण-पुष्पेन्द्रसिंह को विक्रय भूमि। पूर्व- आने-जाने का रास्ता। पश्चिम-विक्रेता की शेष भूमि का एक भूखंड मेरी पक्षकार श्रीमती गायत्री पति रेवसिंह चौहान जाति भीलाला, निवासी आसपुर पोस्ट कुंडारा तह. कुक्षी जिला धार मप्र के द्वारा क्रय किया है। उक्त संपत्ति तथा उपरोक्त व्यक्तियों के संबंध में उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो 7 दिवस के अंदर मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में सूचित करे। बाद में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। अतः सो सूचित हो।

**आर.के. गुप्ता एडवोकेट कुक्षी,**
**अलीराजपुर कुक्षी रोड सिविल कोर्ट ,चेम्बर नंबर 01, कोर्ट परिसर कुक्षी**
**मो. 7470501367, 9893501367**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, श्री ईदरिस, शब्बर हुसैन, निकिया, उम्मेसअली सभी पिता ईनायत अली, व श्रीमती बनोबाई बी बेवा ईनायत अली जाति बोहरा की मालकी की सम्पत्ति सर्वे क्रमांक 277/1/5, कुल रकबा 9.142 हे. में से रकबा 0.405 है, श्री ईदरिश पिता ईनायत अली व शब्बर हुसैन पिता ईनायत अली जाति बोहरा के हिस्से में आई होकर तथा उक्त संपत्ति पर श्री हुसैनी पिता कुतुबुद्दीन व निसरिन पति हुसैनी बोहरा के द्वारा हिस्से में भूमि आई होकर उक्त संपत्ति का बटांकन सर्वे क्रमांक 277/1/9/4/2 कुल रकबा 0.178 हे. पश्चात श्री हुसैनी पिता कुतुबुद्दीन बोहरा ने अपने हिस्से की रकबा 0.178 हे. में से एक भूखंड रकबा 0.011 हे. जिसकी चर्तुसीमा रजिस्ट्री अनुसार निम्नानुसार है-उत्तर-रणजीत की भूमि। दक्षिण-बाबू सर की भूमि। पूर्व- रास्ता। पश्चिम-भगवान सिंह एवं पीरूसिंह की भूमि। मेरे पक्षकार श्री दुरसिंह पिता रामलाल भिडे, श्रीमती गेन्दाबाई पति दुरसिंह भिडे जाति भीलाला निवासी एच-2 सेगांव रेवेन्यू एरिया वार्ड क्रमांक 10 बडवानी, तहसील व जिला बडवानी मप्र को विक्रय किया है। उक्त संपत्ति तथा उपरोक्त व्यक्तियों के संबंध में उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो 7 दिवस के अंदर मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में सूचित करे। बाद में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। अतः सो सूचित हो।

**आर.के. गुप्ता एडवोकेट कुक्षी,**
**अलीराजपुर कुक्षी रोड सिविल कोर्ट ,चेम्बर नंबर 01, कोर्ट परिसर कुक्षी**
**मो. 7470501367, 9893501367**

# स्व. अर्जुन सिंह में था उदारता, संवेदनशीलता और दया भाव-अजयसिंह

### दाऊ साहब की 13 वीं पुण्यतिथि



**भोपाल,(निप्र)।** पूर्व नेता प्रतिपक्ष और विधायक अजय सिंह ने कहा कि स्वर्गीय अर्जुन सिंह जी ऐसे नेता थे जिन्होंने प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश के सर्वहारा वर्ग के लिये जी जान से काम किया। सूझ-बूझ और पारखी नजर के साथ कुशल प्रशासनिक दक्षता और संगठन क्षमता का अदभुत संगम उनके पूरे व्यक्त्वि में थो उदारता, संवेदनशीलता और दया भाव उनका सर्वश्रेष्ठ गुण थो यही कारण है कि हर वर्ग और अलग अलग क्षेत्रों में काम करने वाले लोग आज भी उन्हें चाहते हैं और तहे दिल से याद करते हैं। श्री सिंह चुरहट स्थित पूर्व मुख्यमंत्री, राज्यपाल और केन्द्रीय मंत्री स्वर्गीय अर्जुन सिंह दाऊ साहब की 13वीं पुण्यतिथि पर राव सागर तालाब स्थित समाधि स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहे थे। इस अवसर सैकड़ों की संख्या में स्वर्गीय अर्जुन सिंह के चाहने वाले लगातार पहुंच रहे थे और अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे थे। यहीं पर मेरठ से आये भाई गुरमीत सिंह ने सुमधुर आवाज में अपने साथियों के साथ गुरुवाणी प्रस्तुत की। अजयसिंह ने कहा कि स्वर्गीय अर्जुनसिंह के जमाने की राजनीति में सेवा भाव था जो अब नहीं दिखता। उनके सानिध्य का अहसास, उनके विचारों की सुगंध, उनकी शालीनता और व्यक्तित्व की परछाई प्रत्येक व्यक्ति को चुरहट की माटी का अहसास करा देती है। प्रत्येक व्यक्ति के पास स्व. अर्जुनसिंह के साथ का अलग अलग अनुभव है।

## एम्स में पीलिया और मधुमेह पीड़ित महिला के कैंसर का सफल ऑपरेशन

**भोपाल,(निप्र)।** भोपाल एम्स के सर्जरी विभाग का कार्यपालक निदेशक डॉक्टर व प्रोफेसर अजय सिंह के नेतृत्व में लगातार उत्कृष्ट काम कर रहा है। इसी क्रम में दो जटिल ऑपरेशन को सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। पहले मामले में, नागपुर से एक 53 वर्षीय महिला पीलिया और अनियंत्रित मधुमेह से पीड़ित थी। गहन मूल्यांकन के बाद, उसे डुओडेनम (छोटी आंत का एक हिस्सा) के दूसरे भाग के कैंसर का पता चला। दूसरे मामले में, एक 46 वर्षीय व्यक्ति को प्रतिरोधी पीलिया के कारण आपातकालीन विभाग में भर्ती कराया गया। उन्हें पैंक्रियास के सिर के कैंसर का पता चला, जिसके बाद उन्हें पीटीबीडी के साथ पीलिया के प्रबंधन की जटिल सर्जिकल प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। डॉ.मूरत सिंह यादव, डॉ. श्याम लाल, डॉ.कृष्ण कुमार, डॉ. मनीष स्वर्णकार, डॉ. अजीत मौर्य और डॉ. विकास लाल के मार्गदर्शन में, दोनों रोगियों को व्हिपल की इलाज प्रक्रिया से गुजरना पड़ा, जो एक जटिल सर्जिकल प्रक्रिया थी। सर्जिकल टीम में एनेस्थेसियोलॉजिस्ट डॉ. प्रणिता मंडल और डॉ. सुनैना ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिन्होंने मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित की।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, श्री मांगीलाल पिता भगवान पाटीदार जाति कुलमी निवासी सुसारी की मालकी की संपत्ति सर्वे क्रमांक 357 कुल रकबा 0.089 हे. में से रकबा 0.009 है, जिसकी चर्तुसीमा निम्नानुसार है-उत्तर-विक्रेतापक्ष द्वारा अनिताबाई पाटीदार को बिक्रित भूमि। दक्षिण-विक्रेतापक्ष की शेष भूमि से हद। पूर्व-छोड़ा गया रास्ता। पश्चिम-विक्रेतापक्ष की शेष भूमि से हद। का भूखंड उनके वैध वारिस पुत्र श्री सुखदेव, शांतिलाल, सागर सभी पिता मांगीलाल व पुत्री ग्यारसीबाई पिता मांगीलाल पाटीदार जाति कुलमी निवासी ग्राम सुसारी तह. कुक्षी जिला धार मप्र से विधिवत रूप से उपपंजीयक कार्यालय कुक्षी में विक्रय पंजीयन क्रमांक एमपी 11132022ए1363027 दिनांक 31-03-2022 के द्वारा मेरी पक्षकार श्रीमती किर्ती पति विजय पाटीदार जाति कुलमी निवासी सुसारी के द्वारा क्रय किया है। उक्त संपत्ति तथा उपरोक्त व्यक्तियों के संबंध में उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो 7 दिवस के अंदर मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में सूचित करे। बाद में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। अतः सो सूचित हो।

**आर.के. गुप्ता एडवोकेट कुक्षी,**
**अलीराजपुर कुक्षी रोड सिविल कोर्ट ,चेम्बर नंबर 01, कोर्ट परिसर कुक्षी**
**मो. 7470501367, 9893501367**



# एक करोड़ से अधिक रुद्राक्षों को किया जाएगा अभिमंत्रित

**सीहोर,(निप्र)।** जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर और कुबेरेश्वर महादेव मंदिर में गुरुवार से होने वाले सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव और शिवमहापुराण में शामिल होने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है। शहर के इंदौर-भोपाल मार्ग पर वाहनों के द्वारा हजारों की संख्या में श्रद्धालु आ रहे हैं। समय से पहले ही पूरा परिसर खचाखच भरा गया है। इस बार जिला प्रशासन, विठलेश सेवा समिति, समाजसेवियों और ग्रामीण और शहरी क्षेत्रवासियों के सहयोग से कथा में शामिल होने वालों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा। अंतरराष्ट्रीय शिवमहापुराण कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सात से 13 मार्च तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया गया है। शिवमहापुराण समारोह को लेकर ट्रैफिक पुलिस द्वारा पार्किंग व्यवस्था और रूट डायवर्ट किया गया है। 12 सौ से अधिक पुलिस के जवान दिन-रात अपनी सेवा दे रहे है। इसके अलावा जिला प्रशासन ने भी एक दर्जन से अधिक विभागों के आला अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। कथा के एक दिन पहले विठलेश सेवा समिति की ओर से प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया था। इस मौके पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि हमारे क्षेत्र का तेजी से विकास हो रहा है, देश भर से आने वाले श्रद्धालुओं के कारण हम विश्व में प्रसिद्ध हो गए है। कुबेरेश्वरधाम पर हर साल लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने से रोजगार के कई अवसर मिले है और पूरा देश शिव मय हो गया है। हमारे क्षेत्रवासी यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के लिए तत्पर रहते है। इसलिए हम सभी के सहयोग से इस तरह के भव्य आयोजन करते हुए आ रहे है।

## GORANI INDUSTRIES LIMITED

CIN: L28121MP1995PLC009170
**Regd. Office:** 32-33, Sector-F, Sanwer Road Industrial Area, Indore-452 015 (M.P.)
**Phone:** 0731-2723202-3, **E-mail:** gorani.industries@yahoo.com, **Website:** www.goraniindustries.com

### Unaudited Financial Results for the Period ended 31st January, 2024

(₹ in Lakhs except EPS)

| S. No. | Particulars | Period Ended | |
|---|---|---|---|
| | | 31.01.2024 Unaudited | 31.03.2023 Audited |
| 1 | Total Income from Operations | 3467.50 | 4204.73 |
| 2 | Net Profit / (Loss) for the period (before Tax, Exceptional and / or extraordinary items) | 120.72 | 202.21 |
| 3 | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | 120.72 | 202.21 |
| 4 | Net Profit / (Loss) for the period after Tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | 89.29 | 149.85 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [comprising profit / (loss) for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax)] | 89.29 | 157.41 |
| 6 | Equity Share Capital | 536.26 | 536.26 |
| 7 | Reserve (excluding Revaluation Reserve) as shown in the audited balance sheet of the previous year | - | - |
| 8 | Earnings Per Share (in ₹) (of ₹ 10/- each) (for continuing and discontinued operations): (a) Basic (b) Diluted | 1.66<br>1.66 | 2.79<br>2.79 |

**Notes:**
A. The above is an extract of the detailed format of Financial Results filed with the Stock Exchanges. The full format for the period ended on 31.01.2024 Financial Results are available on the Stock Exchange Website **www.bseindia.com** and on the Company's Website **www.goraniindustries.com.**
B. The impact on net profit / (Loss), total comprehensive income or other relevant financial items due to changes in accounting policies shall be disclosed by means of a foot note: N.A.
C. Exceptional items adjusted in the statement of profit and loss in accordance with Ind-AS Rules.

Place : **Indore**
Date : **06.03.2024**

For and on behalf of the Board
**Nakul Gorani**
Whole Time Director
DIN: 06543317

## सूचना पत्र

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे मुवक्किल और उसके सहयोगी तथा नियंत्रित कम्पनी के माध्यम से 3.3130 हेक्टेयर जो की लगभग 8.1864 एकड़ है, जमीन उनके वर्तमान मालिकों से लीज / खरीदने के इच्छुक है। जो कि जमीन कोठड़ा खुर्द गाँव, (पटवार हल्का हनुमंत्याकांग) सरदारपुरा तहसील, धार जिला, मध्य प्रदेश मे निम्लिखित खसरा नंबर मे स्तिथ है, कन्हैयालाल पिता शंकर तथा बलराम पिता शंकर तथा राधाबाई पत्नी शंकर तथा रमेश पिता पन्ना, खसरा संख्या 817 रकबा 0.8670 हेक्टेयर, खसरा संख्या 845 रकबा 0.0740 हेक्टेयर व संजय पिता बद्रीलाल खसरा संख्या 843 रकबा 0.637 हेक्टेयर, खसरा संख्या 847/1 रकबा 0.1620 हेक्टेयर व श्यामाबाई पति बद्रीलाल खसरा संख्या 847 / 2 रकबा 0.7990 हेक्टेयर, व सोमलीबाई पति दित्या खसरा संख्या 936 रकबा 0.4280 हेक्टेयर, व दित्या पिता बज्जा खसरा संख्या 903 रकबा 0.1570 हेक्टेयर, खसरा संख्या 908 रकबा 0.1890 हेक्टेयर कुल रकबा 3.3130 हेक्टेयर/ 8.1864 एकड़ है। उपरोक्त जमीन के वर्तमान मालिकान ने यह दशार्या तथा घोषित किया है कि, उपरोक्त जमीन सभी तरह के भार, प्रभार, पट्टा आदि से मुक्त है। उपरोक्त जमीन के वर्तमान मालिकान ने यह भी घोषित किया है कि जमीन किसी भी तरह के कोई समझौता, पट्टा, समझौता ज्ञापन आदि का हिस्सा विषय नहीं है और कोई कानूनी बाधाओं से प्रभावित नहीं हैं एवं उपरोक्त जमीन लीज / खरीदने के लिए कानूनी रूप से पाक साफ है । तात्पर्य यह है की उक्त जमीन के सन्दर्भ में हमारे मुवक्किल इस आधार पर उपरोक्त जमीन के गुणों का ध्यान रखते हुए इसे खरीदने के लिए सहमति व्यक्त किया है। कोई भी व्यक्ति, कंपनी, एजेंसी, तथा संस्था का कोई अधिकार, हक, दावा, वाह मांग उपरोक्त जमीन या उसके किसी हिस्से के विरुद्ध हो जो की विरासत, बंधक, कब्जे के माध्यम से, बिक्री, विनिमय, लाइसेंस, उपहार, पट्टा, ग्रहणाधिकार प्रभार, विश्वास, रखरखाव, वसीयत, सहजता, विकास के अधिकार, साझेदारी, संयुक्त उद्यम, हुकमनामा या किसी भी न्यायालय के आदेश, अधिग्रहण की सूचना या किसी अन्य समझौते/ समझ अनुसरण के तहत हो तो वह व्यक्ति, कंपनी, एजेंसी, तथा संस्था को इस सार्वजनिक सूचना के जारी करने के साथ (7) दिनों के भीतर मूल रूप से दस्तावेजी साक्ष्य के साथ नीचे दिए गए पते पर अधोहस्ताक्षरी को लिखित रूप में, समान रूप से ज्ञात करने की आवश्यकता हैं। यदि पूर्वकथित अवधि के दौरान कोई भी दावा / आपत्ति नीचे दिए गए पते पर ज्ञात/ सूचित करने में विफल होते हैं तो वह दावा / आपत्ति आदि को माफ कर दिया गया /परित्यक्त, माना जाएगा ।

**श्री दीपक चौधरी, वकील**
**ऑफिस - 306 व 307, तीसरी मंजिल, अशोका कैपिटल,रोड न. 2, बंजारा हिल्स, हैदराबाद, तेलंगाना, 500034, (मो.न. 9966671393, 8125506552[1])**